आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक: CCE/ई-क्लास/2018-19/ 1582 दिनांक: 28.2.19

प्राचार्य

समस्त राजकीय महाविद्यालय

राजस्थान

विषय : महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम में ई-व्याख्यान प्रसारण प्राप्त करने बाबत (दिनांक 01.03.2019 से 29.03.2019 तक)

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजकीय महाविद्यालयों में स्थापित ई-क्लास रूम से व्याख्यान प्रसारण के क्रम में दिनांक 01.03.2019 से 29.03.2019 तक की समय सारणी संलग्न है। ऐसे समस्त महाविद्यालयों में जहाँ ई-व्याख्यान प्रसारण प्राप्त करने की व्यवस्था है, को निर्देशित किया जाता है कि वे महाविद्यालय की स्मार्ट क्लास में सम्बंधित विषय के विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें ।

इन व्याख्यानों के लिए निम्न बिन्दुओं की अनुपालना सुनिश्चित करें:

1. **व्याख्यान प्रसारण के दौरान व्याख्यान प्राप्त करने वाले महाविद्यालय HOST या प्रेजेंटर नहीं बने।**
2. व्याख्यान के लिए उपस्थित विद्यार्थियों का उपस्थिति रजिस्टर संधारित करें ।
3. जो सहायक/सह-आचार्य ई-व्याख्यान दे रहे है वे व्याख्यान हेतु PPT/विडियो आदि में हिंदी भाषा को प्राथमिकता देते हुए तैयार करें ।
4. ये प्रसारित किये जाने वाले ई-व्याख्यान प्रसारण के साथ-साथ रिकॉर्ड भी किये जा रहे हैं तथा भविष्य में गुणावगुण के आधार पर राज्य के ई-लर्निंग पोर्टल पर भी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाए जायेंगे इसलिए ई-व्याख्यान दे रहे सहायक/सह-आचार्य तदनुसार वेशभूषा, उच्चारण आदि का ध्यान रखें तथा समय-समय पर आयुक्तालय द्वारा दिए जा रहे निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करें ।
5. ई-व्याख्यानों का प्रसारण DoIT/RISL के माध्यम से स्थापित ई-क्लासरूम से प्रारम्भ किया जा रहा है यदि आपके महाविद्यालय में यह सुविधा UGC/RUSA आदि से स्थापित है तो इन कक्षों में भी ई-व्याख्यानों का प्रसारण प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें । इन व्याख्यान को प्राप्त करने हेतु आपके महाविद्यालय के ई-मेल पर People लिंक सॉफ्टवेयर का manual प्रेषित किया जा चुका है ।
6. **"प्रतियोगिता दक्षता" योजना को दृष्टिगत रखते हुए भी ई-व्याख्यानों का समावेश किया गया है इन व्याख्यानों के लिए नि:शुल्क कोचिंग के लिए रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की उपस्थिति इन व्याख्यानों के लिए सुनिश्चित करें ।**
7. **ई-व्याख्यान दे रहे सहायक/सह-आचार्य भी अपने विषयानुरूप प्रतियोगी परीक्षा के लिए उपयोगी विषयवस्तु का समावेश अपने व्याख्यानों में किया जाना सुनिश्चित करें।**
8. यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए है इस लिए प्रश्नोत्तर के लिए विद्यार्थियों की मदद करें यदि सम्बंधित विषय के विशेषज्ञ कक्षा में उपस्थित हों तो उन्हें अपने स्तर पर संतुष्ट करने में मदद करें।
9. इन ई-व्याख्यानों की मोनिटरिंग प्राचार्य स्तर पर भी की जानी है जिससे अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को लाभ मिल सके ।

संलग्न :

1. समय सारणी दिनांक 01.03.2019 से 29.03.2019

(प्रदीप कुमार बोरड, IAS)
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव -उच्च शिक्षा

Schedule of E-Lectures - March, 2019
(Time 11.00 to 12.00 Noon)

Date	Name of Faculty	Name of College	Subject	Topic
01.03.2019	Dr. Pankaj Mathur	CCE, Office Jaipur	Mathematics	Number system
05.03.2019	Dr. Divya Hiran	Govt. meera Girls College udaipur	Home Science	Decision Making in Home management
06.03.2019	Dr. M.R. Singariya	Govt. college jaitaran	Economics	Costs of Production
07.03.2019	Dr. Monika Dungarwal	Govt. meera Girls College udaipur	Home Science	Therapeutic nutrition
08.03.2019	Dr. Khemchand Mahavar	Govt. College, Behrore	Political Science	David Easton's (आगत निर्गत सिद्धांत)
11.03.2019	Dr. Ramesh chand meena	Govt. college Bundi	hindi	कबीर के काव्य में सामाजिक चेतना
12.03.2019	Dr. Manoj kumar rawat	Govt. college Bundi	Botony	Restriction Enzymes
13.03.2019	Dr. Bhartendu Gautam	Govt. college Bundi	Geography	central placetheory
14.03.2019	Dr. Anju Beniwal	Govt. meera Girls College udaipur	Sociology	Basic concept: society and community
15.03.2019	Ms. Neha Tak, RAcS	AO, CCE OFFICE JAIPUR	प्रतियोगिता दक्षता	International Organisation(world Bank,IMF)
18.03.2019	Dr. Saurabh Sharma	Govt. Girls college chomu	History	Social and religious reform movements in
19.03.2019	Dr. Ramesh chand meena	Govt. college Bundi	hindi	निराला की कविता में प्रगतिशील
25.03.2019	Dr. Shruti Tondon	Govt. meera Girls College udaipur	Sociology	social group
26.03.2019	Dr. Anju Beniwal	Govt. meera Girls College udaipur	Sociology	संस्कृतिकरण
27.03.2019	Ms. Neha Tak, RAcS	AO, CCE OFFICE JAIPUR	प्रतियोगिता दक्षता	International Organisation (UNO and WTO)
28.03.2019	Dr. Prempal Singh Yadav	Govt. College, Behrore	History	मुग़ल मनसबदारी व्यवस्था
29.03.2019	Dr. Anju Beniwal	Govt. meera Girls College udaipur	Sociology	वर्ण आश्रम एवं पुरुषार्थ